**Regarding refund of money to people who invested in Sahara company- laid**

श्री सुदामा प्रसाद **(**आरा**) :** सहारा की सहकारिता समितियों का भुगतान 86000 करोड़ रूपये का क्लेम आया है । इस संबंध में मुझे निम्न जानकारी दीजिए-

1. सहारा रिफंड पोर्टल पर वह कब तक भुगतान होगा ?

2. केंद्र सरकार ने सहारा सेवी रिफंड खाते में 25 हजार करोड़ रुपया से 5000 रोड़ रुपए ही क्यों डिमांड किया?

3. 5000 करोड़ रुपया से अभी तक 1200 करोड़ ही क्यो भुगतान हुआ पूरा क्यों नहीं?

4. सहारा रिफंड पोर्टल पर क्लेम करने वाले 99% लोगो का क्लेम रिजेक्ट क्यों किया गया है?

5. सहारा इंडिया ने सहकारिता समितियो को उत्तर गलत दिया तो सहकारिता मंत्री ने सहारा पर कार्रवाई क्यों नहीं किया?

6. सुप्रीम कोर्ट ने 31/08/2012 को सहारा इंडिया की दो कंपनीयां (i) रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड और (ii) हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को अवैध घोषित कर 3 करोड़ लोगों को भुगतान का आदेश दिया था । सहारा इंडिया ने कोर्ट का आदेश नहीं मानकर उसे सहारा क्यू शॉप कंपनी और सहारा की क्रेडिट कॉपरेटिव की 4 सोसाइटी में कन्वर्ट कर दिया, और सुप्रीम कोर्ट और संसद को गुमराह किया कि हमने सभी का भुगतान कर दिया । इस बड़े फर्जीवाड़ा की जांच एस एफ आई ओ द्वारा की गई, जिसकी जांच रिपोर्ट संसद में है । फिर सहारा पर कर्रवाई क्यों नहीं की गई? सरकार जवाब दे ।